






# मुनिसंघ की आगवानी में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब

## शहर की मुख्य सड़क से लेकर हर गली में रहा श्रद्धालुओं का जमावड़ा, 108 बालिकाओं ने किया मंगलाचरण

### कलेक्टर और एसपी ने कराया 9 किमी का पद विहार, पाद पक्षालन भी की

जिला कलेक्टर आदित्य सिंह और एसपी विनीत जैन द्वारा मुनिश्री का मंगल विहार 9 किलोमीटर से पैदल पद विहार कराया और नगर में प्रवेश कराया गया और मुनि संघ के सात पैदल कार्यक्रम स्थल तक ले गए मुनि संघ की रक्षा में 25 पुलिस बल मौजूद रहा है मंगल आगवानी में देश के उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए। वही दोपहर में मुनि संघ के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा मनाया गया जिसमें मुनिश्री ने गुरु की महिमा का मखान किया गया और गुरु के उपकार की महिमा बताई।

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** गुरुवार का दिन नगर के लिए ऐतिहासिक बन गया, यहां जैन मुनि निर्यापक सुधा सागर जी महाराज की आगवानी के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा और सभी ने 9 किलोमीटर का पद विहार कराया, मुनिश्री का पावन वर्षा योग अशोकनगर में सम्पन्न होगा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर मुनिश्री आगवानी के लिए पिछले कई दिनों से समाज द्वारा तैयारियां की जा रही थी और मुनिश्री का गुरुवार को नगर में प्रवेश इस आगवानी में सभी समाजों के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। वही इतना जन सैलाब था कि चारों तरफ केवल लोग ही नजर आ रहे है और कार्यक्रम स्थल पर पांव रखने तक को जगह नहीं थी, मुनिश्री की 121 चांदी की थालियों से पाद प्रक्षालन किया गया, जो गांधी चौराहे से होकर गंज तक किया गया। जिला कलेक्टर और एसपी ने मुनि संघ का 9 किलोमीटर तक पैदल पद विहार कराया। कार्यक्रम की शुरुआत 108 बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ की गई। वही मुनिश्री पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य आर्यिका बैरागय मति माताजी परिवार को मिला और दूसरी ओर जिला कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस कप्तान विनीत जैन को मिला। इस मौके पर मुनिश्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि में सोचता था कि 2022 में ललितपुर में जो आगवानी की गई थी, उसका रिकॉर्ड कोई तोड़ पाएगा कि नहीं, मगर अशोकनगर वालों ने उसे भी तोड़ दिया और जो आगवानी की शिल्ड ललितपुर वाले रखे थे वह चुपचाप अब उसे अशोकनगर वालों को सौंप दे। इस आगवानी में एक भी समाज वंचित नहीं रही यही हमारे भारत की संस्कृति को दर्शाता है कि एक दिगम्बर साधु की आगवानी जब सभी समाजे मिलकर आती है ज्ञात रहे कि मुनिश्री मंगल चातुर्मास अशोकनगर में होने जा था है जिसके चलते मुनि संघ का मंगल विहार कई दिनों से राद्यौगढ़ पंचकल्याण के बाद चल रहा था, इस आगवानी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**चार माह बहेगी धर्म की गंगा, जिले भर को मिलेगा लाभ, मंगल कलश स्थापना रविवार को**

गुरुवार को मुनि संघ की मंगल आगवानी हो गई है जिसके बाद मुनि संघ का मंगल चातुर्मास होगा और जिलेभर के लोगों को चार माह धर्म का लाभ मिलेगा। सभी कार्यक्रम गंज मंदिर के परिसर में आयोजित किए जाएंगे, वही रविवार को मंगल कलश स्थापना का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वही शाम के समय प्रतिदिन विश्व विख्यात जिज्ञासा समाधान का आयोजन किया जाएगा जिससे भक्त अपनी सभी जिज्ञासा का समाधान गुरु मुख से प्राप्त करेंगे।

### इस प्रकार की गई मंगल आगवानी

मुनिश्री की आगवानी के लिए विशेष तैयारियां की गई थी, जिसके चलते 4 ध्वज बड़े, एनाउंसमेंट, डीजे 2 बड़ा शेर, 50 सिख भाई बुलेट रथ पर, सर्व समाज प्रतिनिधि 50 ट्रैक्टर, गाव मंदिर पाठशाला दिव्यघोष, खनियादाना रेजिमेंट, विद्या गुरु मंडल पिपराई, थूबोनंजी झाँकी, अनवर बैंड, छत्राणी सेना घोडो पर, विमर्श जागृति मंच महिला, महिला युवा वर्ग, वामा देवी मंडल, अखिल भारतीय महिला परिषद, शांति महिला मंडल, महिला जैन मिलन, सुधा सागर महिला मंडल, विद्या सागर महिला मंडल, बहू बेटी संगठन, भोले शंकर बैंड, त्रिशला महिला मंडल, गंज मंदिर पाठशाला दिव्या घोष, दिगंबर जैन महासमिति पुरुष गण, अरिहंत ग्रुप, सरदार मालवा बैंड गुना, सोशल ग्रुप शाश्वत, विमर्श जाग्रति मंच, जय भारत बैंड गुना, पार्श्व जैन मिलन, अकील बैंड, जैन मिलन सेंट्रल, जामनेर सेवा दल, भक्तामर मंडल गंज मंदिर, शेर बड़ा वाला, 2 हाथी, सांगानेर संस्थान की 150 बहनें, दिगंबर जैन युवा वर्ग, सुधा सेवा संगठन दिव्यघोष , महामुनि ससंघ, ब्रह्मचारी गण, सामान्य पुरुष गण। इसके अलावा 51 जेसीबी, 61 ट्रेक्टर, 5 हाइड्रा से रत्नवृष्टि हुई, 121 चांदी के थाल में पाद प्रक्षालन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### सर्व ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 12 जुलाई शनिवार को दोपहर 1 बजे से स्थानीय परशुराम मंदिर ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला शामिल होंगे। जानकारी देते हुए डॉक्टर दीपक मिश्रा ने बताया कि पूर्व में यह आयोजन 13 जुलाई को रखा गया था, लेकिन मुख्य अतिथि की व्यस्तता के चलते समारोह की तारीख में परिवर्तन किया गया है और अब यह एक दिन पूर्व 12 जुलाई शनिवार को रखा गया है। उन्होंने समारोह में सम्मान पाने वाली प्रतिभाओं से आग्रह किया है कि वह 12 जुलाई को समारोह में पधारे और सम्मान प्राप्त करें।

# सीता रसोई में श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रसाद के रूप में भरपेट भोजन :बृजेंद्र

## गुरूपूर्णिमा के अवसर पर करीला धाम पर हुआ सीता रसोई का शुभारंभ, कलेक्टर व अतिथियों ने किया भोजन

नवभारत

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश तीर्थ स्थल के लिए विख्यात जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को सीता रसोई के माध्यम से 10 रूपये में भरपेट भोजन प्रसादी के रूप में उपलब्ध हो सकेगा। इस नई व्यवस्था से आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। यह बात मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को गुरूपूर्णिमा के अवसर पर करीला धाम में आयोजित सीता रसोई के शुभारंभ अवसर पर कहीं।



इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि मां जानकी माता मंदिर करीला धाम में जिला प्रशासन द्वारा पहल कर सीता रसोई की सौगात श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई गई है। सीता रसोई में सभी के सहयोग से स्वच्छ एवं स्वादिष्ट भोजन श्रद्धालुओं को कम कीमत में उपलब्ध हो सकेगा। करीला धाम परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि करीला धाम के संपूर्ण विकास के लिए काफी कार्य कराये जा रहे हैं। जिससे दूर-दूराज से आने वाले श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो सके। उन्होंने सीता रसोई में संचालन में सभी का सहयोग दिए जाने की अपेक्षा की। वहीं जिपं अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि आज का दिन बड़े सौभाग्य का दिन बताया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव ने कहा कि सीता रसोई का शुभारंभ कलेक्टर के प्रयासों से करीला धाम परिसर में किया गया है, यह काफी प्रशंसनीय कार्य है। साथ ही यह अच्छी पहल है। जिला प्रशासन के इस पुनीत कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। करीला धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में कम कीमत में भरपेट भोजन की व्यवस्था सीता रसोई में उपलब्ध हो सकेगी। करीला मंदिर ट्रस्ट सहित सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इसका संचालन नियमित रूप से कराए जाने का हर संभव प्रयास एवं सहयोग किया जाएगा। उन्होंने इस कार्य में दानदाताओं से भी बढ़-चढ़कर दान देने की अपील की।

**फीता काटकर एवं पूजा अर्चना कर सीता रसोई का किया शुभारंभ :**

करीला धाम में सीता रसोई का शुभारंभ मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव, कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने श्रद्धालुओं के साथ सीता रसोई में बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। माता जानकी करीला धाम में संचालित सीता रसोई के सफल संचालन हेतु तुलादान की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए तुलादान व्यवस्था के तहत प्राप्त होने वाली राशि एवं अन्य सामग्री सीता रसोई के सफल संचालन में उपयोग की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को कम कीमत में आसानी से भरपेट भोजन मिल सकेगा। सीता रसोई का संचालन कृष्णा स्व सहायता समूह फुटेरा द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों सहित एसडीम मनीष धनगर, सीईओ जनपद आलोक इटोरिया उपस्थित रहे।

# पीएम आवास के हितग्राहियों के खातों में जमा हुए 45 लाख

**लंबे इंतजार के बाद जारी हुई राशि**

**नगर में 90 हितग्राहियों को डाली गई राशि**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** लंबे इंतजार के बाद, पीएम आवास योजना के 90 पात्र हितग्राहियों के खातों में 45 लाख रुपये की हिस्सेदारी जमा हुई है। यह कदम अधुरे भवन पूर्ण करने और पक्की छत के नीचे रहने के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा समर्थन माना जा रहा है। शहर के 90 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में पिछले दिन प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि के रूप में 50-50 हजार रुपये की किस्तें जमा कर दी गई हैं। यह सहायता उन हितग्राहियों के लिए उम्मीद की नई किरण है, जिन्होंने लंबे समय से अपने अधूरे मकान पूरा करने का सपना देखा था। नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर ने बताया कि, अब तक लंबित पात्र हितग्राहियों को यह पहली बार सहायता मिल सकी है। उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ती रहेगी, नगर परिषद सभी पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि जमा करती रहेगी। अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों ने शांति और स्वच्छता का संदेश देते हुए, हितग्राहियों से अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति आवास योजना के नाम पर अनावश्यक रूप से रुपये मांग रहा हो, तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदारी से ही इस योजना का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद में पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा किया गया था, जिसकी जांच जारी है।

### 9 लीटर क ी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अशोकनगर।** सेहराई पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उससे नौ लीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार विकास पुत्र छोटेलाल मोगिया निवसीा सेहराई चिरोली रोड़ पर अवैध रखे हुए थे, जहां बेचने की फिराक में उसे गिरफ्तार किया गया है।

### 14 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** जातिगत जनगणना सहित 14 सूत्रीय मांगो को लेकर ओबीसी महासभा द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदर्शन एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया।

गुरूवार को ओबीसी महासभा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में 2027 की जनगणना में जातिगत कॉलम जोड़ने की मांग की है, जिससे ओबीसी समाज की वास्तविक संख्या का पता चल सकेगा। साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी के लिए लंबित करीब 70 लाख सरकारी पदों पर तत्काल भर्ती करने की मांग भी की गई। साथ ही मध्यप्रदेश में पूर्ण 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग के साथ वर्तमान में होल्ड 13 प्रतिशत पदों को तत्काल अन होल्ड कर चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग रखी गई। मेडिकल, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट सहित सभी निजी संस्थानों में ओबीसी छात्रों को सरकारी दरों पर प्रवेश दिए जाने की मांग भी शामिल है। वहीं अन्य राज्यो की तुलना में जैसे तेलंगाना में पंचायत चुनावों से पहले 42 प्रतिशत आरक्षण की मांग की गई है। महासभा ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम में ओबीसी आरक्षण और ओबीसी सर्टिफिकेट की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग सहित अन्य मांगे रखी।

### 5 माह का भ्रूण मिलने पर मर्ग कायम

**अशोकनगर।** नईसराय पुलिस ने पांच माह के मृत भ्रूण मिलने पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने यह कायमी अविवाहिता महिला को पेट दर्द के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने और उसके बाद मिली तहरीर के बाद जांच किए जाने के बाद किया गया है।

# समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा गर्भवती माताओं एवं कुपोषित बच्चों का रखा जाए ध्यान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में चिन्हित गर्भवती माताओं, हाईरिस्क गर्भवती माताओ एवं कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर रखने हेतु सभी आवश्यक कार्य किये जाएं। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधितों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग का मुख्य दायित्वं है कि सुरक्षित प्रसव एवं कुपोषित बच्चोंा को कुपोषण से मुक्त कराना है। हृदय अभियान के तहत इस कार्य को व्यापक रूप से किया जाए। चिन्हित बच्चों को अपने-अपने क्षेत्रों के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्रों में भर्ती कराकर समुचित लाभ दिलाया जाए। जिससे बच्चें कुपोषण से मुक्तं हो सके। उन्होंने निर्धन गर्भवती माताओं एवं हाई रिस्क गर्भवती माताओं को स्वास्थ रखने हेतु पोष्टिक खाद्य सामग्री,दवाओं की किट तथा पोषण की टोकरी उपलब्ध कराने हेतु सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेकर लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों के सफल संचालन के संबंध में निर्देशित किया कि आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो। साथ ही उन्हें समय पर नाश्ता,भोजन एवं पोषण आहार मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन के संबंध में स्प ष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आंगनवाडी जर्जर भवन में संचालित न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति, गर्भवती माताओं के आधार कार्ड एवं समग्र आईडी बनवाये जाने हेतु शिविरों के आयोजन,सीएम हेल्प लाईन की ग्रेडिंग तथा कलेक्टर द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों के निरीक्षण के पालन प्रतिवेदन की विस्तांर से समीक्षा की। वहीं बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर सही जानकारी देने पर सम्मानित किया गया गया ।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील व जिला अशोकनगर (मप्र)**

क्रमांक/री-1/2025/1132 दिनांक 7/7/2025

//विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बादामसिंह पुत्र हिन्दू सिंह यादव निवासी ग्राम सलमाही ने अपने भाई मोवतसिंह पुत्र हिन्दू सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 08/03/2003 को होना बताया है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर में उपस्थित होकर दिनांक 21/07/2025 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 7/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
तहसील अशोकनगर


## धर्म-कर्म

# गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह उमड़ी भक्तों की भीड़, हुए भंडारे

## धरती कहती, अंबर कहते, बस यही तराना गुरु आप ही वो पावन नूर हैं, जिनसे रोशन हुआ जमाना

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है,आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को आषाढ़ पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा कहा जाता है, इस साल गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व गुरुवार को मनाया गया। इस दिन की पूर्णिमा पर ग्रह नक्षत्रों के हिसाब से बेहद खास योग बन रहे हैं, हिंदू धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊपर माना जाता है, मान्यता है कि इस शुभ दिन पर 18 पुराणों के



रचयिता श्री महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। वेदव्यास जी ने मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान दिया था, ऐसे में इस दिन गुरुओं की विशेष तौर पर पूजा करके उनका आशीर्वाद लिया जाता है इसके साथ ही ज्योतिषी शास्त्र में मान्यता है कि इस दिन राशि के अनुसार कुछ चीजों का दान करने से भी मनोकामना की पूर्ति होती है। गुरु पूर्णिमा के शुभ दिन पर सभी भक्त अपने गुरुओं से आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर, अपने गुरुओं के घर या किसी आध्यात्मिक केन्द्र की यात्रा करते हैं। और वे सम्मान और धन्यवाद के प्रतीक के रूप में फल, फूल व अन्य वस्तुएं देते हैं। गुरु पूर्णिमा पर सभी भक्त विशेष पूजा करते हैं। इसी क्रम में ऐतिहासिक नगरी चंदेरी समीपस्थ मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही, भक्त मंदिरों श्री शकलकुडी धाम, श्री कुरवांसा धाम, श्री पनख्वा घाम, श्री मेघासन माता मंदिर सहित कई मंदिरों में जाकर अपने अपने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे, और महा प्रसादी प्राप्त कर आनंद ले रहे थे। चंदेरी नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।